महत्वपूर्ण एवं खास

राज्यपाल ने किया मतदान

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने आज सिहावा भवन सिविल लाईन्स स्थित आदर्श मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल हरिचंदन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान के बाद राज्यपाल ने सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचाई।

घर में सो रही महिला के गले से सोने के जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। सतनामीपारा कोटा में घर में सो रही महिला के गले से अज्ञात चोर ने सोने को माला पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया भारती पात्रे 32 वर्ष सतनामीपारा कोटा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने घर में सो रही थी, तभी अज्ञात आरोपी प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर उसके गले में पहने सोने का गेंहूदाना पत्ती माला को चोरी कर लिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 67390 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दिव्यांग और वृद्धजनों को ई-रिक्शा की मिली सुविधा

महासमुंद (आरएनएस)। सरायपाली विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र कुटेला में दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। मतदाता मित्रों द्वारा उनके घर तक जाकर ई-रिक्शा से मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया और यहां पहुंचकर उन्हें व्हीलचेयर में बिठाकर मतदान कक्ष तक ले जाया गया। प्रशासन के इस संवेदनशील व्यवस्था से दिव्यांगजनों और वृद्धजनों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा की व्यवस्था नहीं की जाती तो शायद हम अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते।

कतार में लगकर कलेक्टर सौरभ कुमार ने किया मतदान

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज कोरबा विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 127 में मतदान किया। उन्होने उपस्थित मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। सुबह आठ बजे कलेक्टर सौरभ कुमार मतदान केन्द्र क्रमांक 127 रामपुर कोरबा पीडब्ल्यूडी प्राथमिक शाला पहुंचे और उन्होंने पीठासीन अधिकारी से मतदान की तैयारियों संबंधी जानकारी ली। इस स्कूल परिसर में दो मतदान केन्द्र 126 तथा 127 स्थित है। कलेक्टर ने दोनों केन्द्रों में मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। वे मतदाताओं के साथ मतदान करने के लिए बूथ में कतार में लगभग 01 घंटे लगे थे और अपनी बारी आने पर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी तरह निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने भी मतदान किया।

अमेरिका से रायपुर आकर युवा मतदाता अभिषेक वर्मा ने किया मतदान

रायपुर (आरएनएस)। खाद्य विभाग के सचिव टी. के.वर्मा ने आज रायपुर के डुंडा मतदान केंद्र क्रमांक 282 में सपरिवार अपने मताधिकार का उपयोग किया। सचिव वर्मा ने अपनी धर्मपत्नी नंदिनी वर्मा ,अमेरिका से आये पुत्र अभिषेक एवं मुम्बई से आयी बिटिया आयुषी के साथ दोपहर रायपुर के डुंडा मतदान केंद्र पहुचे और आम मतदाताओं के साथ लाईन में लगकर बारी- बारी में मतदान किया। सचिव वर्मा के बेटे और बिटिया को पहली बार वोट करने का मौका मिला था। दोनों भाई -बहन इसको लेकर बेहद उत्साहित दिखे। अमेरिका में अध्ययनरत अभिषेक वर्मा और मुम्बई रहकर पढ़ाई कर रही आयुषी वर्मा वोट डालने के लिए रायपुर आये थे। मतदान के बाद उन्होंने इसे यादगार बनाने के लिए मतदान केंद के बाहर सेल्फी भी ली।

हर खास व हर आम लोगों ने लोकतंत्र के महापर्व में दी आहूति

दुर्ग, 17 नवंबर (आरएनएस)। लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ मतदान कर दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए युवाओं के अलावा महिलाओं, पुरुषों व बुजूर्गों ने भी खासा उत्साह दिखाया। बुजूर्ग वर्ग अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ मतदान करने मतदान स्थल पहुंचे थे। उन्होनें मतदान कर अपनी जिंदादिली का परिचय दिया। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 158 में कसारीडीह वार्ड के पूर्व पार्षद संजय सिंह ने मतदान किया। वे मतदान के लिए अपनी बुजूर्ग माताश्री के साथ पहुंचे थे। जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी योगेन्द्र शर्मा(बंटी) ने मतदान कर दुसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होने मतदान केन्द्र में बने सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर अपनी खुशियों का ईजहार किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने मतदान केन्द्र में सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र की ताकत को प्रदर्शित किया। आदर्श कन्या तिलक स्कूल दुर्ग में एक 80 वर्षीय बीमार बुजूर्ग महिला ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया और अपने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। गयानगर स्थित गयाबाई प्राथमिक पाठशाला में मतदान के लिए सैकड़ों की संख्या में मतदाता उमड़े। जिससे मतदान केन्द्र परिसर मतदाताओं से खचाखच भरा रहा। बावजूद मतदाताओं का मतदान के लिए उत्साह कम नहीं हुआ और वे कतारों में मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। इसी प्रकार गंजपारा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल में मतदान के लिए मतदाताओं की भारी भीड़ जुटी। जिससे सडक़ पर बार-बार चक्काजाम की स्थिति बनते रही। जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा,लेकिन मतदाता मतदान करने के बाद ही वापस

घर लौटे। इसके अलावा बोरसी, पोटिया, पटरीपार व अन्य क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रही।

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में मतदान के दौरान शुक्रवार को अलग-अलग नजारा सामने आया। आमदी मंदिर वार्ड के भाजपा पार्षद नरेश तेजवानी ने उत्साह के साथ मतदान किया और मतदान को लेकर अपनी कर्तव्यनिष्ठा प्रदर्शित की। वार्ड पार्षद नरेश तेजवानी पिछले दिनों चोटिल हो गए थे।

उनके पैरों में चोटें आई है। डॉक्टर ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। बावजूद वे अपने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए उत्साह के साथ मतदान किया। इसके अलावा वार्ड की एक युवती ने पहली बार मतदान किया। मतदान करने के बाद वह काफी उत्साहित है। युवती ने सभी से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपील की है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने किया मतदान

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सवेरे रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर अपने परिवार सहित मतदान किया। उन्होंने यहां बनाए गए दोनों मतदान केंद्रों में चल रहे मतदान का अवलोकन भी किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने इस दौरान लोगों से अपने परिवार के सभी मतदाताओं सहित मतदान अवश्य करने की अपील की। उन्होंने लोकतंत्र के इस त्योहार में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए 'छोडक़र सारे काम सबसे पहले करें मतदान' का संदेश दिया।

बड़े गोबरा से चुनाव के बाद लौट रहे मतदान दल के जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक जवान शहीद

गरियाबंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 70 सीटों पर चुनाव के दौरान जिले में भी दो विधानसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को मतदान हुआ।इस दौरान नक्सलियों के द्वारा आई डी ब्लास्ट कर बड़ी घटना को अंजाम दिए जिससे आईटीबीपी के एक जवान शहीद हो गये।मिली जानकारी के अनुसार मतदान समाप्त होने के बाद बड़े गोबरा से मतदान दल को सुरक्षा बलों के जवानो द्वारा वापस लाया जा रहा था,तभी नक्सली प्रभावित क्षेत्र मैनपुर के बड़े गोबरा मे नक्सलीयों ने मतदान केंद्र से दो किलोमीटर दूर बम ब्लास्ट किया घटना ठीक 3 बजकर

20 मिनट के आसपास कि बताई गई है ज़ब मतदान दल मतदान निपटा कर वापस मुख्यालय के लिए रवाना हो रहा था तभी नक्सलीयों द्वारा किये गये बम ब्लास्ट मे भारत तिब्बत बल का एक जवान बुरी तरह घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरो ने घायल जवान को मृत घोषित कर दिया,घटना मे शहीद जवान का नाम जोगिंदर सिंह पिता दिलीप सिँह उम्र 45 वर्ष जम्मू कश्मीर निवासी बताया जा रहा है।मतदान केंद्र के सुरक्षा मे तैनात पुलिस फ़ोर्स ने मतदान दल को आईटीबीपी जवानों ने रूट बदला और पोलिंग पार्टी को धमतरी के तुमड़ी बहार के रास्ते सुरक्षित निकाल लिये।शाहिद जवान हेड कॉन्स्टेबल जोगेंद्र सिंह जम्मू काश्मीर का रहने वाला बताया जा रहा है,जिसे शनिवार को उसके गृह ग्राम रवाना किया जाएगा। घटना के बाद गरियाबंद पुलिस ने इलाके मे सर्चिंग तेज कर दिया, फिलहाल घटना के बाद इलाके मे दहशत का माहौल है, शहीद जवान की पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए शव वाहन से जिला चिकत्सालय भेज दिया गया है।

बांसशिल्प की खूबसूरत व कलात्मक कलाकृतियों से सजा सिविल लाइन किसान पारा का आदर्श मतदान केंद्र

गरियाबंद (आरएनएस)। जिला जहाँ एक ओर अपनी बाँस की कलात्मक, सजावटी व उपयोगी कलाकृतियों के लिए काफी प्रसिद्ध है। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय का यह पारंपरिक कार्य भी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्् छिकारा के निर्देश पर चुनई हमर तिहार 2023 में आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाना था। जिसे जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में बाँसशिल्प के अनोखे व नवाचारी अंदाज़ में निर्मित कराया गया। यहाँ पर चाहे स्वागत द्वार की सजावट हो, मतदान सेल्फी जोन की सजावट हो या पूरे परिसर को बांस की कमार समुदाय द्वारा बनाएं गए आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया। इस मतदान केंद्र की सम्पूर्ण बैठक व्यवस्था में बॉस से निर्मित कुर्सी, टेबल, मेज, चटाई इत्यादि का उपयोग किया गया। यहाँ पर बाँस निर्मित प्रकाशयुक्त लैम्पों का उपयोग किया गया। इसे गरियाबंद की विकसित बाँस शिल्प से यहाँ के मतदाता पहचान पाए वही इस मतदान केंद्र के मतदाताओं में विशेष उत्साह व आकर्षण का केंद्र बना रहा।

छत्तीसगढ़ की दो डांसर युवतियां बिहार में सडक़ हादसे का हुईं शिकार, 1 की मौत 2 अन्य घायल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की 16 वर्षीय डांसर बेटी की बिहार में हुए सडक़ हादसे में मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 2 अन्य लोग घायल हो गए हैं। हादसा भोजपुर में हुआ। फिलहाल घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है।

डांसर नगमा अपने साथियों के साथ डांस प्रोग्राम के बाद बाइक से लौट रहे थे। इस दौरान वे सडक़ हादसे का शिकार हो गए। हादसे में नगमा की मौत हो गई। वहीं घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। नगमा खैरागढ़ के जालबांधा थानाक्षेत्र की रहने वाली थी। अक्टूबर में वह शाहपुर के नैना आर्केस्ट्रा में डांस सीखने गई थी। दूसरी डांसर रोशनी कुमारी (27 वर्ष) भी छत्तीसगढ़ की हैं।

बता दें कि, घायल युवक देवनाथ सिंह (35) पीरो थाना क्षेत्र के मोथी गांव का निवासी है। रोशनी भी डांसर है जबकि, देवनाथ सिंह ऑर्केस्ट्रा में बैंड बजाने का काम करता है। देवनाथ सिंह के पिता भगवान सिंह से मिली जानकारी के अनुसार, उनके गांव किमोथी में गोवर्धन पूजा को लेकर कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में चार नर्तकी समेत पूरी टीम गई हुई थी। मंगलवार की शाम को देवनाथ शाहपुर से अपने नैना ऑर्केस्ट्रा में नर्तकी का काम कर रही रोशनी कुमारी और नगमा को डांस करने के लिए देवनाथ अपने गांव लेकर आया था इस दौरान ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी। हादसे में डांसर नगमा की मौत हो गई, अन्य दो घायल हो गए हैं।

गरियाबंद जिले में कमार एवं भुंजिया सहित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति की महिला और पुरूष मतदाताओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले में कमार एवं भुंजिया जनजाति के लोग सदियों से जंगलों में निवास कर अपना जीवन यापन कर रहे है। इस जनजाति का आर्थिक व सामाजिक विकास पहले से अब अच्छा हो रहा है। कमार और भुंजिया जनजाति सीधा सरल तरीके से जीवनयापन करते हैं। ये जनजाति तीर धनुष के साथ रहते हैं। यह जनजाति की विशेष पहचान हैं। आज इन जनजाति के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उत्साहपूर्वक प्रयोग किया।

पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाता आज लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान देकर खुद की भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। इस भागीदारी के बदौलत स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होता है। इसको ध्यान में रखकर अन्य समुदाय के मतदाताओं की तरह भी आज वे अपने अपने घरों से निकल कर मतदान करने पहुंचे। विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया।उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा आदर्श (विशेष पिछड़ी जनजाति) मतदान केन्द्र बनाया गया था, जहां वे लोग अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित किया।गरियाबंद जिले के ग्राम मौहाभाठा निवासी रामभरोसा भुंजिया ने तीर धनुष के साथ मतदान करने पहुंचे थे। मतदान करने के उपरांत अपने बाएं हाथ की तर्जनी ऊंगली दिखाकर कहा कि मैंने तो चुनई तिहार में अपने मत का प्रयोग कर लिया है।आप भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इसी तरह पारागांव आदर्श मतदान केन्द्र में छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति, भुंजिया जनजाति के रसोई घर लाल बंगला के थीम पर मतदान केन्द्र विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। जहां विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं सहित अन्य मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग बढ़ - चढक़र किया और मतदान पश्चात वहां बनाएं गए सेल्फी जोन में तर्जनी उंगली दिखाते हुए फोटो खिंचवाए जो उनके आत्मविश्वास का प्रतीक है।

सुबह और रात में बढ़ी ठंड, अंबिकापुर में 13.5 डिग्री पहुंचा पारा

रायपुर (आरएनएस)। उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब ठंड बढऩे लगी है। विशेषकर सुबह-सुबह और रात के वक्त ठिठुरन बढऩे लगी है। हालांकि दिन के वक्त आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण थोड़ी उमस बनी हुई है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके बाद न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि होगी। बुधवार को प्रदेश भर में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को 16 नवंबर को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। इसके चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बदलाव नहीं होगा। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व के कुछ जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

न्यूनतम तापमान बढ़ा

बादल छाए रहने से रायपुर का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस रहा। दुर्ग का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री और राजनांदगांव का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन दोनों ही शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि तापमान में अभी कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं से मतदान दल एवं मतदाता प्रसन्न

बालोद (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के मतदान केंद्रों में मतदान तिथि आज 17 नवंबर के लिए की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं की सराहना मतदान कर्मियों के अलावा मतदाताओं ने भी की है। मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे मतदान दलों के सदस्यों ने मतदान केंद्रों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन ने इस विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में मतदान दलों तथा सुगमतापूर्वक मतदान कराने हेतु साफ सफाई, बिजली, पेयजल, फर्नीचर, मतदान दलों के सोने तथा भोजन आदि की समूचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिला मुख्यालय बालोद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंगे्रजी माध्यम विद्यालय बालोद के मतदान केंद्र क्रमांक 38 के पीठासीन अधिकारी लोमन कुमार ने मतदान केंद्र में की गई व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र

में मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके अलावा मतदान केंद्र में मतदान करने पहुँचे आमापारा बालोद निवासी हितेश अग्रवाल एवं प्रकाश देशमुख ने भी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद के आदर्श मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मतदान केंद्र में आकर्षक साज-सज्जा के अलावा मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी जरूरी सुविधाओं के अलावा मतदान करने पहुँचे शिशुवती माताओं के नन्हें-मुन्हें बच्चों के देखभाल एवं मनोरंजन हेतु अस्थाई आंगनाबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है। जिससे मतदान केंद्र में आने वाले बच्चों के किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ रहा है। इसी तरह आदर्श संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 79 झलमला, इको ग्रीन आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 52 उत्तर लाटाबोड़, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 168 ग्राम सिकोसा, आदर्श मतदान केंद्र कोलिहामार के मतदान केंद्रों की भी व्यवस्थाओं की सराहना मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों ने की है।